तापमान
अधिकतम 33 .3°c
न्यूनतम 24 .0°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- निगम आयुक्त की अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- उपायुक्त की अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय में बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे

शादी के बाद बदली मॉडल टाउन निवासी सीमा वर्मा की जिंदगी

48 किलो वजन घटा वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

कांस्य से शुरू हुआ सफर, गृहस्थी संभाली, फिर भी नहीं छोड़ा अभ्यास, 16 किलो की केटलबेल 196 बार उठाकर पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शादी के बाद पति से मिली प्रेरणा, खान-पान में बदलाव और बेहतर जीवनशैली ने मॉडल टाउन निवासी सीमा वर्मा की जिंदगी बदल दी। कभी बढ़े हुए वजन से जूझ रहीं सीमा ने खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया और महज दो वर्षों में 48 किलो वजन कम कर लिया। इसके बाद केटलबेल खेल को जुनून बना लिया। अब दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चल रही आईयूकेएल केटलबेल स्पोर्ट वर्ल्ड गेम्स-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीमा ने स्वर्ण पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है।

सीमा वर्मा ने 4 से 9 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में 68 प्लस किलोग्राम भार वर्ग और 35 से 39 वर्ष की वेटरन महिला श्रेणी में हिस्सा लिया। उन्होंने 16 किलोग्राम की केटलबेल को 196 बार उठाकर स्नैच-12 स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया।

डाइट कंट्रोल और रेगुलर एक्सरसाइज से बदली जीवनशैली

सीमा का केटलबेल में सफर भी प्रेरणादायक रहा है। इससे पहले उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता था। इस उपलब्धि के बाद उन्होंने अभ्यास और प्रशिक्षण को और अधिक गंभीरता से लिया। लगातार मेहनत का परिणाम अब स्वर्ण पदक के रूप में सामने आया है। शादी के बाद सीमा ने पति नितिन वर्मा से प्रेरणा लेकर अपनी जीवनशैली बदली। खान-पान पर नियंत्रण के साथ नियमित व्यायाम और प्रशिक्षण शुरू किया। दो वर्षों में 48 किलो वजन कम करने के बाद केटलबेल खेल के प्रति उनका जुनून बढ़ता गया। परिवार और गृहस्थी की जिम्मेदारियां निभाने के साथ उन्होंने नियमित अभ्यास जारी रखा और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। सीमा की उपलब्धि उन महिलाओं के लिए भी प्रेरणा है, जो परिवार की जिम्मेदारियों के चलते अपनी फिटनेस और खेल प्रतिभा को पीछे छोड़ देती हैं। सीमा ने साबित किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, नियमित अभ्यास और परिवार के सहयोग से गृहस्थी संभालते हुए भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।

युवाओं को नशे से दूर रखता है खेल

सीमा के पति नितिन वर्मा ने कहा कि खेल युवाओं को नशे की लत से दूर रखने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। युवाओं को खाली समय मोबाइल और नशे की ओर लगाने के बजाय खेलों से जोड़ने की जरूरत है। नियमित खेल गतिविधियों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि परिवारों को बच्चों और युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगा सकें।



सिविल अस्पताल में हादसा, प्रबंधन की व्यवस्था पर उठे सवाल

वॉशरूम समझकर खोला गेट पहली मंजिल से गिरी मां-बेटी


देर रात शौच के लिए उठी बेटी, सहारा देती मां ने अंधेरे में खोल दिया डक्ट का गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिविल अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार देर रात अस्पताल की पहली मंजिल पर वॉशरूम जाने के दौरान मां-बेटी पहली मंजिल यानि 12 फीट नीचे जा गिरीं। हादसे में दोनों को चोटें आईं। आरोप है कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां पर्याप्त रोशनी नहीं थी। हादसे के बाद दोनों को काफी देर तक नीचे से निकालने के लिए अस्पताल प्रशासन के पहुंचने का इंतजार करना पड़ा। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

मरीज सोनिया अपने दाहिने हाथ का ऑपरेशन करवाने के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती हुई थी। एक दिन पहले ही ऑपरेशन हुआ था। रात के समय उसे वॉशरूम जाने की जरूरत पड़ी तो उसकी मां अमनी देवी उसे सहारा देकर साथ ले गई। सोनिया के मुताबिक पहली मंजिल पर वॉशरूम की तरफ जाते समय वहां काफी अंधेरा था। रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें आगे की स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। ऐसे में उन्होंने वॉशरूम की बजाय डक्ट (ऐसा रास्ता जिसका उपयोग, रोशनी, पानी और बिजली के तारों के लिए किया जाता हो) का दरवाजा खोलकर अंदर जाने के लिए पैर आगे बढ़ाया, संतुलन बिगड़ने से वे नीचे जा गिरी। नीचे गिरने की आवाज सुनकर उसकी मां ने उसे बचाने के लिए हाथ बढ़ाया। बेटी को संभालने के प्रयास में मां ने भी उसी जगह पैर रख दिया और वह भी नीचे गिर गई। दोनों के अचानक नीचे गिरने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।





घायल सोनिया व वह डक्ट जहां पर सोनिया और उसकी मां गिरीं।

मरीजों की सुरक्षा पर उठे सवाल

अमनी देवी ने बताया कि बेटी का ऑपरेशन होने के कारण वह उसे अकेले वॉशरूम नहीं जाने देना चाहती थी। इसलिए वह रात में उसके साथ गई थी, लेकिन अंधेरे के कारण उन्हें अंदाजा नहीं हुआ कि दरवाजा खोलने के बाद आगे जमीन नहीं बल्कि नीचे जाने का रास्ता है। बेटी के गिरने के बाद उसे बचाने के प्रयास में वह भी नीचे जा गिरी।

नीचे गिरने के काफी देर बाद भी नहीं मिली मदद

सोनिया के अनुसार नीचे गिरने के बाद काफी देर तक उन्हें मदद नहीं मिली। उसकी मां किसी तरह पाइप का सहारा लेकर ऊपर पहुंची और आसपास मौजूद लोगों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद अस्पताल प्रशासन के कर्मचारियों ने नीचे से दरवाजा खोलकर सोनिया को बाहर निकाला। पीड़िता का कहना है कि करीब आधे से पौने घंटे बाद उसे बाहर निकाला गया और उपचार दिया गया।

ऑपरेशन वाले हाथ में ही लगी चोट अभी तक एक्स-रे भी नहीं हुआ

हादसे में सोनिया के उसी दाहिने हाथ में चोट लगी है, जिसका एक दिन पहले ऑपरेशन हुआ था। उसका कहना है कि चोट लगने के बावजूद अभी तक हाथ का एक्स-रे नहीं कराया गया है। ऐसे में उसे अपने हाथ की चोट को लेकर चिंता बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि दरवाजा ऐसी जगह खुला था, जहां नीचे गिरने का खतरा था तो वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए। रात के समय रोशनी नहीं होने से खतरा और बढ़ गया था। उसने मांग की कि मामले की जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए।

भराण के डाबर वाले खेतों में पेड़ से लटका मिला 47 दिन से लापता 55 वर्षीय राजेंद्र का आधा शव

कई दिन से लटक रहा था शव, कुत्तों ने आधा नोंच खाया



पशु चरा रहे व्यक्ति ने शव देखकर किसान और पुलिस को दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम थाना क्षेत्र के गांव भराण में पुलिस ने 55 साल के एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव खेतों में एक पेड़ पर लटक रहा था और वह कई दिन पुराना हो चुका था। लटकते हुए शव को कुत्तों ने नोच लिया था। पुलिस को शव का आधा हिस्सा ही मिला है। मृतक की पहचान भराण गांव निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र पुत्र रामफल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। बुधवार 7 अक्टूबर को एक पशुपालक अपने पशुओं को खेतों में चरा रहा था। इस दौरान उसकी नजर एक पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी। उसने इसकी सूचना एक किसान को दी। किसान ने डायल 112 पर सूचना दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।

21 अगस्त को आखिरी बार आया था नजर

सूचना मिलते ही महम थाना प्रभारी सतपाल सिंह भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि राजेंद्र करीब डेढ़ महीने से घर लापता था। उसके घर में गाय ब्याई थी। ताजी ब्याई गाय को छोड़कर राजेंद्र कहीं चला गया था। 21 अगस्त के बाद वह किसी को दिखाई नहीं दिया। उसकी पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। लगता है कि उसने कई दिन पहले पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड किया है, लेकिन किसी की नजर खेतों में पेड़ पर नहीं पड़ी, जिसके कारण किसी का पता नहीं चला। पशु चराने वालों ने पेड़ पर शव लटका देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। जहां पर शव लटक रहा था, ग्रामीण उन खेतों को डाबर वाले खेत कहते हैं। वहां पर जलभराव की वजह से फसलें नहीं होती। जिस वजह से वहां पर लोगों का आवागमन कम होता है।

आत्महत्या का लग रहा मामला: एसएचओ

महम थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि भराण गांव के खेतों में पेड़ पर एक शव लटका मिला है, जिसकी पहचान हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया है। प्राथमिक दृष्टि से सुसाइड लग रहा है, लेकिन पुलिस मृतक के परिजनों की शिकायत पर आगे की कार्रवाई करेगी।

संदीप-कविता हत्याकांड में दो गिरफ्तार

अदालत में पेश करके चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिए

रोहतक। सांपला पुलिस ने संदीप-कविता हत्याकांड में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, संदीप व कविता को बेहोशी की हालत में हसनगढ़ स्थित रिलायंस नहर में फेंका गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नेब सराय, नई दिल्ली निवासी राकेश ने 5 अक्टूबर को थाना सांपला में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका भाई संदीप अपनी दोस्त कविता के साथ 26 सितंबर को हसनगढ़ आया था। 30 सितंबर को संदीप से फोन पर बातचीत हुई थी, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल बंद आने लगा। तलाश की तो पता चला कि उनकी हत्या कर उनके शव नहर में फेंक दिए गए हैं। आसौदा थाना क्षेत्र में मिले महिला और पुरुष के शवों की फोटो देखकर परिजनों ने दोनों की पहचान संदीप और कविता के रूप में की। जांच में सामने आया कि संदीप व कविता अपने दो दोस्तों के साथ घूमने निकले थे। खरखौदा बाइपास पर किसी बात पर संदीप-कविता के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि संदीप ने शराब की बोतल कविता के सिर में मार दी, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद बरौणा बाइपास के पास नितेश ने संदीप के सिर में शराब की बोतल मार दी, जिससे वह भी बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी उन्हें बेहोशी की हालत में नहर में फेंककर फरार हो गए। आरोपियों की पहचान नितेश पुत्र शिवनारायण तथा नितेश पुत्र सुभाष चंद्र, दोनों निवासी हसनगढ़ के रूप में हुई है।

अवैध पिस्तौल व कारतूसों सहित दो युवक गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस के स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ ने सेक्टर-34-35 के पास गश्त के दौरान दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ की टीम एएसआई कृष्ण के नेतृत्व में सेक्टर-34-35 के पास गश्त पर थी। तभी सर्विस रोड के पास पुलिस ने दो युवकों को रोककर तलाशी ली तो उनके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों की पहचान पंकज पुत्र रामपाल, हाल निवासी गांधी कैंप, रोहतक व मनोज पुत्र रामप्रताप, हाल निवासी देव कॉलोनी, रोहतक के रूप में हुई है।

पीजीआई में पायलट प्रोजेक्ट के तहत होगा अध्ययन

अब 5 हजार मौतों का होगा 'वर्बल पोस्टमार्टम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में अब उन मौतों के कारणों तक पहुंचने के लिए स्वास्थ्य विभाग नई व्यवस्था आजमाने जा रहा है, जिनके पीछे का चिकित्सकीय कारण स्पष्ट नहीं हो पाता। इसके लिए रोहतक में वर्बल ऑटोप्सी परियोजना का पायलट परीक्षण शुरू किया जाएगा। खास बात यह होगी कि इसके लिए मृतक का पोस्टमार्टम नहीं किया जाएगा, बल्कि मृत्यु से पहले की बीमारी, लक्षण और परिस्थितियों की जानकारी उसके परिजनों या मृत्यु के समय मौजूद लोगों से जुटाई जाएगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत करीब 5 हजार मौतों से संबंधित जानकारी एकत्रित कर उसका व्यवस्थित विश्लेषण किया जाएगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के वित्तपोषण से संचालित होने वाली इस परियोजना का नेतृत्व एम्स नई दिल्ली करेगा। इसमें हरियाणा स्वास्थ्य विभाग का सहयोग रहेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा के अनुसार परियोजना को करीब आठ महीने में पूरा किए जाने की योजना है।



मौत से पहले क्या हुआ, परिजनों से जानेंगे

वर्बल ऑटोप्सी की व्यवस्था खास तौर पर उन मामलों में उपयोगी होगी, जहां मृत व्यक्ति का पर्याप्त चिकित्सकीय रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है या मृत्यु का स्पष्ट कारण दर्ज नहीं हो सका। स्वास्थ्य कर्मी मृतक के परिवार के सदस्यों अथवा मृत्यु के समय मौजूद लोगों से निर्धारित प्रश्न पूछेंगे। इसमें यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि व्यक्ति को मृत्यु से पहले कौन-कौन से लक्षण थे, परेशानी कब शुरू हुई, बीमारी कितने समय से थी, इलाज कहां कराया गया और मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई।

भविष्य की स्वास्थ्य योजनाओं में मिल सकता है फायदा

परियोजना में जानकारी जुटाने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है। स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित प्रारूप के अनुसार जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज करेंगे। इसके लिए संबंधित कर्मचारियों को पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि सभी मामलों में एक समान प्रक्रिया अपनाई जा सके और जुटाई गई जानकारी का वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण किया जा सके। परियोजना के क्रियान्वयन में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और मेडिकल ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सीएचओ परिजनों से निर्धारित सवालों के आधार पर जानकारी जुटाएंगे और उसे एप में दर्ज करेंगे। इसके बाद मेडिकल ऑफिसर उपलब्ध जानकारी की समीक्षा कर मृत्यु के संभावित कारण का आकलन करेंगे। इसके लिए कर्मचारियों को मानदेय भी दिया जाएगा। प्रत्येक पूर्ण वर्बल ऑटोप्सी के लिए कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को 100 रुपये तथा जानकारी की समीक्षा कर संभावित मृत्यु कारण निर्धारित करने वाले मेडिकल ऑफिसर को भी 100 रुपये का मानदेय मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद है कि इस पायलट परियोजना से उन मौतों की तस्वीर स्पष्ट करने में मदद मिलेगी, जिनके संबंध में मौजूदा व्यवस्था में पर्याप्त चिकित्सकीय जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती।परियोजना से मिले अनुभव के आधार पर भविष्य में मृत्यु के कारणों का व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार करने और स्वास्थ्य नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में भी काम किया जा सकेगा।



सेवा संकल्प अभियान के तहत सुभाष चौक पर हुआ सेवा ज्योति यात्रा का समापन

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सेना आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित : पूनिया

मदन लाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र में पीएम व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने विकसित भारत संकल्प सभा को वर्चुअली किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को मदन लाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र से सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा अशोक चौक और मानसरोवर पार्क से होते हुए सुभाष चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इससे पहले सामुदायिक केंद्र परिसर में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वर्चुअली संबोधित किया। राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया मुख्यातिथि रहे। पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को राष्ट्र सेवा की रजत जयंती बताया। उन्होंने कहा कि पीएम ने महिला सशक्तिकरण, गरीबों के बैंक खाते खोलने, उज्ज्वला और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में हरियाणा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हुई और प्रदेश के लिंगानुपात में सुधार दर्ज हुआ। जिला प्रशासन की ओर से डीसी सतबीर सिंह, एडीसी नरेंद्र कुमार सहित अधिकारियों ने पूनिया का स्वागत किया।



रोहतक। मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया का स्वागत करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व अन्य।

पीएम के 25 साल जनसेवा को समर्पित : ढाका

सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सेना को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है और भारत में निर्मित सैन्य उपकरणों का 25 देशों को निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाने और कोरोना महामारी के दौरान किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 25 वर्ष जनसेवा और राष्ट्र सेवा को समर्पित किए हैं। उन्होंने 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री और 12 वर्ष केंद्र में राष्ट्र सेवा की है।

ये रहे यात्रा में शामिल

कलश यात्रा में भाजपा जिला ईकाई की ओर से पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, वरिष्ठ नेता सतीश नांदल, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, एससी आयोग की वाइस चेयरमैन रेनू डाबला, जिप चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश शुभम आदि शामिल हुए।

मोदी ने 25 वर्षों में सेवा व सुशासन का नया अध्याय लिखा : ग्रोवर

रोहतक। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे कर देश और समाज के प्रति समर्पण की मिसाल कायम की है। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा का संकल्प लेने के बाद उन्होंने करीब 13 वर्ष गुजरात की सेवा की और पिछले 12 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री के रूप में 140 करोड़ देशवासियों की सेवा कर रहे हैं। ग्रोवर बुधवार को शहर में विकसित भारत संकल्प सभा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मूल मंत्र सेवा है और उनका संकल्प भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, युवाओं को आगे बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, भाजपा युवा नेता दीपक निवास हुड्डा, पार्षद सुरेश किराड़, पूर्व विधायक सरिता नारायण, अनीता बुधवार और कुलविंदर सिक्का सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।





मानसिक तनाव को शुरुआती दौर में पहचानना आवश्यक : डॉ. सुजाता

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रुप सेंटर, सीआरपीएफ सोनीपत में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े भ्रम और कलंक को दूर करना और जवानों में मनोवैज्ञानिक कल्याण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम डॉ. नयंतारा डीआईजी सीआरपीएफ और देशवाल डीआईजी सीआरपीएफ सोनीपत यूनिट के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसमें करीब 100 जवानों और उनके परिजनों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के तौर पर पीजीआईएमएस रोहतक के मनोरोग विभाग की सीनियर प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुजाता सेठी ने व्याख्यान दिया। उनके साथ डॉ. सिमरन और डॉ. हरलीन कौर भी मौजूद रहीं। डॉ. सुजाता सेठी ने कहा कि मानसिक तनाव को शुरुआती दौर में पहचानना जरूरी है। अक्सर लोग शर्म और गलत धारणाओं के कारण मदद लेने से हिचकते हैं जिससे इलाज में देरी होती है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के सामान्य लक्षणों, चेतावनी संकेतों और खुलकर बातचीत करने के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में फ्रैंड्रिसाइड के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि साथी पर हमले जैसी घटनाएं मानसिक तनाव, आपसी विवाद और नौकरी के दबाव के कारण होती हैं।

न्यूज डायरी

दिव्यांग बच्चों व बुजुर्गों को मिलेंगे सहायक उपकरण



रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को दिव्यांग विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कैंप आयोजित किया गया। एलिम्को की टीम ने श्रवण, अर्पण एवं सिरतार संस्थाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मानसिक दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया। जांच के आधार पर जरूरत के अनुसार बच्चों को सुनने की मशीन, व्हीलचेयर और अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। कैंप में जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, जिला प्रशिक्षण अधिकारी रवि कुमार, श्रवण संस्था एवं अर्पण की प्रिंसिपल डॉ. डिम्पल मेहता सहित संबंधित संस्थाओं का स्टाफ मौजूद रहा। डॉ. अशोक कुमार रांगा और हरिओम मित्तल ने भी कैंप में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सड़क हादसे में युवक घायल, चालक पर केस दर्ज

महम। लाखन माजरा के पास हुए एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में जींद जिला के गांव पेगां निवासी अमित कुमार पुत्र अजमेर ने बताया कि वह अपने काले रंग के सप्लेंडर मोटर साइकिल पर सवार होकर गुरुग्राम जा रहा था। जब वह लाखन माजरा में आऊटर बाइपास पर पहुंचा तो एक बाइक चालक ने लापरवाही करते हुए उसके बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसका रोहतक पीजीआई में इलाज चल रहा है। चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने आरोपित बाइक चालक जितेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है।

विधिक सहायता क्लीनिकों का किया निरीक्षण



रोहतक। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (हालसा) की संयुक्त सदस्य सचिव मानविका यादव ने बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डलसा) और जिला जेल में विधिक सहायता क्लीनिकों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तथा बच्चों तक निःशुल्क कानूनी सहायता सरल और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला जेल में उन्होंने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता, उनके कानूनी अधिकारों और विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डलसा सचिव डॉ. तरन्नुम खान और कर्मचारी मौजूद रहे।

पेंशनर्स की मांगों को अनदेखा कर रही सरकार : नैन



रोहतक। हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में जिला चेयरमैन देबी सिंह देसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन रोशनी हुड्डा और शमशेर सिंह सिवाच ने किया। इसमें राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन, राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा, उपप्रधान धर्म कौर मलिक, महासचिव रोशनी हुड्डा और कोषाध्यक्ष तूही राम विशेष रूप से मौजूद रहे। राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन ने कहा कि सरकार पेंशनर्स की जायज मांगों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि ये केवल मांगें नहीं, बल्कि पेंशनर्स के अधिकार हैं। रोशनी हुड्डा, धर्म कौर मलिक, धनपति हुड्डा, निर्मल बलारा और देबी सिंह देसवाल ने भी सरकार से मांगें जल्द पूरी करने की अपील की। बैठक में राजबीर हेडमास्टर, श्रीपाल, सतीश शर्मा, नरेश खन्ना, राजेंद्र शर्मा, सूबे सिंह आदि मौजूद रहे।

सेवा सेतु शिविर में पात्र लोगों का किया पंजीकरण

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत सांपला में लगाए गए सेवा सेतु शिविर में पात्र लोगों का विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पंजीकरण किया गया और कुछ लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिला। शिविर में संबंधित विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी तथा पात्रता के अनुसार आवेदन करवाए। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि सेवा सेतु शिविरों का उद्देश्य लोगों को उनके घर-द्वार के नजदीक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उपलब्ध करवाना है। खासकर गरीब और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विभागों को मौके पर ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसआईआर के 537 लंबित मामलों की हुई सुनवाई

रोहतक। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बुधवार को जिले में लगाए गए विशेष शिविरों में 537 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। जिले में 1,72,937 नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से 12,481 मामलों में सुनवाई अभी लंबित है। इन मामलों के निस्तारण के लिए 7 से 9 अक्टूबर तक संबंधित मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही घर-घर सर्वे के दौरान भी नोटिस प्राप्त मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज लिए जा रहे हैं। एसआईआर के तहत लंबित मामलों में सुनवाई की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर प्रशासन का फोकस है। 7 अक्टूबर को लगाए गए शिविरों में 537 मामलों की सुनवाई हुई। ऐसे मतदाता, जिन्हें नोटिस जारी होने के बावजूद आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाए गए हैं, उनसे शिविरों में दस्तावेज लिए जा रहे हैं। बीएलओ के माध्यम से घर-घर पहुंचकर भी दस्तावेज एकत्र किए जा रहे हैं।

छात्रों ने पोस्टर बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश



महम। राजकीय महाविद्यालय महम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को जल संरक्षण एवं जल स्रोतों की स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से जल के महत्व, जल की बर्बादी रोकने तथा जल स्रोतों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के अंकुश राजपूत ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की मानसी ने द्वितीय तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की कल्पना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत ने कहा कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर अनिल, अमित बैरागी, आकाश, शेखर, पुष्पम चौधरी व डॉ. दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

एसआईआर के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने की अपील

रोहतक। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के अध्यक्ष सत्यवान ने किसानों, खेत मजदूरों, मेहनतकश लोगों और लोकतांत्रिक सोच रखने वाले नागरिकों से एसआईआर के खिलाफ देशभर में चल रहे आंदोलनों में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में चुनाव के दौरान एसआईआर के जरिए मतदाताओं के अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। सत्यवान ने दिल्ली के जंतर-मंतर को पुलिस छावनी में तब्दील करने और विरोध प्रदर्शनों पर लगाए गए प्रतिबंधों का विरोध किया। उन्होंने मांग की कि प्रदर्शन पर लगाए गए प्रतिबंध और जंतर-मंतर की नाकाबंदी तत्काल हटाई जाए। अध्यक्ष सत्यवान ने एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की। संगठन ने दावा किया कि 20 राज्यों में एसआईआर के दौरान हटाए गए 13 करोड़ मतदाताओं के नाम पुरानी मतदाता सूची के अनुसार बहाल किए जाएं। साथ ही 2023 में बनाए गए उस कानून को रद्द करने की मांग की, जिसके माध्यम से भाजपा सरकार को चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया पर नियंत्रण मिला है। सत्यवान ने दिल्ली में आंदोलन के दौरान महिला पत्रकार के साथ कथित दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ब्रह्मकुमारीज में कल प्राकृतिक खेती पर होगी चर्चा

रोहतक। सनातन कृषि संस्कृति, स्वर्णिम भारत का आधार विषय को लेकर ब्रह्माकुमारीज रोहतक की ओर से 9 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम राज भवन, नई बस स्टैंड रोड, रेलवे फाटक के नजदीक किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। आयोजकों की ओर से लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन कृषि पद्धतियों के महत्व को लोगों तक पहुंचाने के साथ प्राकृतिक खेती, शुद्ध आहार, स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों के अनुसार पारंपरिक कृषि पद्धतियों में प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने, भूमि की उर्वरता को सुरक्षित रखने और शुद्ध खाद्य पदार्थों के उत्पादन पर जोर दिया जाता है। कार्यक्रम में सनातन कृषि संस्कृति की महत्ता पर प्रेरणादायक विचार रखे जाएंगे। इसके साथ प्राकृतिक और जैविक खेती से होने वाले लाभों पर भी चर्चा होगी। स्वस्थ जीवनशैली, शुद्ध आहार और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को भी प्रमुखता से रखा जाएगा।

रक्तदान के साथ स्वास्थ्य जांच, सेवा भाव से जुड़ा रोटरी क्लब ऑफ रोहतक उड़ान



रोहतक। रोटरी क्लब ऑफ रोहतक उड़ान की ओर से न्यू अनाज मंडी में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहरवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और रक्तदान करने के साथ स्वास्थ्य की जांच भी करवाई। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समाजसेवी चंद्र गर्ग और सुरेंद्र अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए क्लब के सेवा प्रयास की सराहना की। स्वास्थ्य जांच में गेनेसेस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रोहतक की टीम ने सहयोग किया। डॉ. सुहास कीर्ति सिंघल और डॉ. चारू गुप्ता की मौजूदगी में लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर की खास बात यह रही कि रोटरी क्लब उड़ान के सदस्यों ने स्वयं आगे आकर रक्तदान किया और अपने परिजनों को भी इस सेवा कार्य से जोड़ा।



विकल्प पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया तिलियार चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण

रोहतक। विकल्प पब्लिक हाई स्कूल के कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए बुधवार को एक आकर्षक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने तिलियार चिड़ियाघर और स्थानीय साईं मंदिर का दौरा कर प्रकृति और संस्कृति के अनूठे पहलुओं को करीब से समझा। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों कोता किताबों से बाहर निकालकर व्यावहारिक ज्ञान और प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। तिलियार चिड़ियाघर में नन्हें विद्यार्थियों ने विभिन्न वन्यजीवों और पक्षियों को देखकर उनके जीवन और संरक्षण के तौर-तरीकों की जानकारी हासिल की। इसके बाद सभी ने साईं मंदिर में दर्शन कर आध्यात्मिक और शांतिपूर्ण वातावरण का अनुभव किया। इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों के साथ कक्षा अध्यापिकाएँ विनिता, इशिका व पूजा रानी, डांस शिक्षिका अंजू, शारीरिक शिक्षा शिक्षक प्रशांत और कोऑर्डिनेटर इंचार्ज मंजू सुखाला मौजूद रहीं।

जल को बचाने युवा आएं आगे, आस्था के नाम पर जल स्रोत न करें प्रदूषितः डॉ. जसमेर सिंह



रोहतक। जल संरक्षण अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा सवाल है। जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए युवाओं को आगे आकर समाज में जागरूकता फैलानी होगी। अंधविश्वास पूर्ण प्रथाओं के कारण तालाब, नहर और नदियों में ऐसे पदार्थ विसर्जित किए जा रहे हैं, जो जल को विषाक्त बना रहे हैं। यह बात सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं 'सुनो नहरों की पुकार' संगठन के संस्थापक डॉ. जसमेर सिंह ने (एमडीयू) में आयोजित 'जल संरक्षण एवं जागरूकता' कार्यक्रम में कही। डॉ. जसमेर सिंह ने कहा कि रोहतक में नहरों के पानी को प्रदूषण से बचाने के लिए 'जल संसद' के माध्यम से 'सुनो नहरों की पुकार' अभियान चलाया जा रहा है। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि जल जैव विविधता सहित जीवन के हर आयाम के लिए महत्वपूर्ण है। संधारणीय जीवन के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा और कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण अभियान में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी नांदल ने स्वागत भाषण दिया। जीव विज्ञान संकाय की डीन प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

अनिता हुड्डा बनी जोन नंबर 2 से रोहतक शुगर मिल की निदेशक

रोहतक। सहकारी चीनी मिल के निदेशक पद के लिए 11 अक्टूबर को होने वाले मतदान से पहले जोन नंबर दो से अनिता हुड्डा को सर्वसम्मति से निदेशक चुन लिया गया। ये गांव रुड़की की रहने वाली हैं। उनके पति सूर्यप्रकाश हुड्डा सामाजिक कार्यकर्ता हैं। सहकारी चीनी मिल के निदेशक मंडल में चुने गए सदस्यों की भूमिका मिल के संचालन और किसानों से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण होती है। निदेशक मंडल मिल की नीतियों, गन्ना खरीद एवं आपूर्ति से जुड़े विषयों, मिल की वित्तीय स्थिति, किसानों को भुगतान तथा मिल के संचालन से संबंधित प्रस्तावों पर निर्णय प्रक्रिया में भाग लेता है। मिल के प्रशासनिक और उत्पादन संबंधी कामकाज की समीक्षा भी निदेशक मंडल के स्तर पर की जाती है। इसके अलावा गन्ना उत्पादक सदस्यों से जुड़े मुद्दों को निदेशक मंडल के समक्ष रखने और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय करना भी निदेशकों की भूमिका में शामिल रहता है। निदेशक मंडल मिल के हित में लिए जाने वाले प्रमुख निर्णयों पर विचार करता है। अनिता हुड्डा का सर्वसम्मति से चुना जाना जोन नंबर दो के लिए मतदान से पहले ही निदेशक पद का निर्वाचन पूरा होने के रूप में देखा जा रहा है।

नांदल गांव में महिलाओं को दी आंगनवाड़ी योजनाओं की जानकारी

महम। चिड़ी ब्लॉक के गांव नांदल में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर पूनम यादव ने उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा आंगन मिलन सेवा एवं विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा अपने स्वास्थ्य एवं परिवार के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं गांव की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं समुदाय को महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।





बीएमयू में बेटियों के लिए 30 करोड़ की छात्रवृत्ति व निःशुल्क बस सेवा की घोषणा

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में बुधवार को 'गुरु स्मृति दीक्षारंभ-2026' का आयोजन किया गया। ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित इस समारोह में कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस सत्र में 6 हजार से अधिक दाखिले हुए हैं, जिनमें 3 हजार से अधिक छात्राएं शामिल हैं। कुलाधिपति ने घोषणा की कि बेटियों की उच्च व तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए करीब 30 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। साथ ही, दूर-दराज से आने वाली छात्राओं के लिए जल्द ही निःशुल्क बस सेवा शुरू होगी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को आधुनिक और बेहतर शैक्षणिक माहौल देने के लिए इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट कक्षाओं को एयर कंडीशनर और स्मार्ट बोर्ड से लैस किया जा रहा है। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. बी.एम. यादव और रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन और लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

मिड-डे मील वर्कर्स ने मांगों को लेकर सांसद को सौंपा मांग-पत्र

रोहतक। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से मुलाकात कर अपनी विभिन्न समस्याओं व मांगों का ज्ञापन सौंपा। दीपेन्द्र हुड्डा ने उनकी मांगों को जायज ठहराते हुए सरकार से इन्हें जल्द पूरा करने की जोरदार मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि दूसरों के लिए खाना बनाने वाले मिड-डे मील वर्कर खुद भूखा क्यों। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में इन वर्कर्स को बेहद कम मानदेय मिलना सरासर अन्याय है। न्यूनतम वेतनः मिड-डे मील वर्कर्स को पक्का किया जाए और उनका वेतन बढ़ाकर हरियाणा के अकुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन (15,220 रुपये प्रतिमाह) के बराबर किया जाए तथा 30,000 रुपये प्रतिमाह की मांग पर भी विचार हो। नौकरी सुरक्षाः स्कूलों के मर्जर से प्रभावित वर्कर्स को वापस काम पर रखा जाए या ब्लॉक/क्लस्टर आधार पर अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाए। 12 महीने का मानदेयः अन्य शिक्षाकर्मियों की तरह इन्हें भी साल के पूरे 12 महीने का मानदेय मिले और हर महीने की 7 तारीख तक सीधे बैंक खाते में भुगतान हो। जैसी प्रमुख मांगे सांसद के सामने रखी।



नवरात्रों को लेकर बाजार में सजीं पूजन सामग्री की दुकानें, नारियल व कलश की बढ़ी मांग

सांपला। नवरात्रों के आगमन से पहले ही कस्बे के बाजार में त्योहार की रौनक दिखाई देने लगी है। माता के पूजन से जुड़ी सामग्री की दुकानें सज गई हैं और दुकानदार ग्राहकों की संभावित बढ़ती मांग को देखते हुए स्टॉक जुटाने में लगे हैं। बाजार में नारियल, माता की चुनरी, पोशाक, कलश, रोली, धूप-बत्ती, पूजा की थाली समेत विभिन्न धार्मिक सामान की बिक्री शुरू हो गई है। कई दुकानदारों ने नवरात्रों से जुड़े सामान के अलग स्टॉल भी लगाने शुरू कर दिए हैं। दुकानदारों का कहना है कि नवरात्रों के दौरान पूजन सामग्री की मांग सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए इस बार पहले से ही पर्याप्त मात्रा में सामान मंगवाया जा रहा है। थोक कारोबारियों से एडवांस में सामान की बुकिंग भी कराई जा रही है, ताकि त्योहार के दौरान ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो। दुकानदार मुकेश कुमार ने बताया कि नवरात्रों के दौरान कन्या पूजन के लिए गिफ्ट आइटम की भी अच्छी मांग रहती है। बाजार में कन्याओं को देने के लिए प्लास्टिक के गिफ्ट आइटम करीब 20 से 200 रुपये तक की कीमत में उपलब्ध हैं। इसके अलावा श्रृंगार से जुड़ा सामान भी करीब 100 रुपये तक में खरीदा जा सकता है। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग रेंज में सामान मंगवाया गया है। दुकानदार आशीष ने बताया कि नवरात्रों में नारियल, माता की चुनरी, रोली, पूजा की थाली, धूप-बत्ती और अन्य पूजन सामग्री की सबसे अधिक मांग रहती है। जैसे-जैसे नवरात्र नजदीक आएंगे, बाजार में ग्राहकों की संख्या भी बढ़ने की उम्मीद है।

धर्म-कर्म | **11 को घटस्थापना के साथ होगी मां शैलपुत्री की पूजा**

10 अक्टूबर की रात से शुरू होगी प्रतिपदा तिथि 19 अक्टूबर को अष्टमी-नवमी और 20 को दशहरा

11 से शारदीय नवरात्र शुरू, 9 दिन गूंजेगा मां दुर्गा का जयकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

मां दुर्गा की आराधना का सबसे पावन पर्व शारदीय नवरात्र इस बार 11 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक पर्व को लेकर मंदिरों और घरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 10 अक्टूबर की रात से शुरू होगी, जबकि उदया तिथि के आधार पर 11 अक्टूबर को नवरात्र का पहला दिन माना जाएगा। इसी दिन श्रद्धालु विधि-विधान से घटस्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा करेंगे। महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन घरों और मंदिरों में कलश स्थापना के साथ नौ दिनों की पूजा शुरू होगी। उपलब्ध पंचांग के अनुसार 11 अक्टूबर को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6:32 बजे से 10:26 बजे तक बताया गया है। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:02 से 12:48 बजे तक भी घटस्थापना की जा सकती है। हालांकि स्थानीय पंचांग और पुरोहित से मुहूर्त की पुष्टि करना उचित रहेगा। नवरात्र के बाद 20 अक्टूबर को विजयादशमी यानी दशहरा मनाया जाएगा। इसी दिन नवरात्र का समापन होगा और देशभर में भगवान श्रीराम की रावण पर विजय के प्रतीक के रूप में दशहरा उत्सव आयोजित किया जाएगा। कई स्थानों पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन भी किया जाएगा।

नौ दिन मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा

11 अक्टूबर को मां शैलपुत्री, 12 अक्टूबर को मां ब्रह्मचारिणी, 13 अक्टूबर को मां चंद्रघंटा, 14 अक्टूबर को मां कूष्मांडा और 15 अक्टूबर को मां स्कंदमाता की पूजा होगी। इसके बाद 16 अक्टूबर को मां कात्यायनी, 17 अक्टूबर को मां कालरात्रि और 18 अक्टूबर को मां के सप्तम स्वरूप की पूजा की जाएगी। इस वर्ष तिथियों के क्रम के कारण 19 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी दोनों का संयोग रहेगा। इस दिन मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री की पूजा के साथ कन्या पूजन, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

खान-पान का रखें ध्यान

नवरात्र के दौरान श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार व्रत रखते हैं। व्रत रखने वालों को फल, दूध, दही, मखाना, साबूदाना, कुट्टू और सिंघाड़े के आटे जैसे व्रत में मान्य खाद्य

न्यूज डायरी



लॉन टेनिस में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

रोहतक। भालौठ स्थित दयावती मोदी अकादमी में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप 2026-27 के रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी है। मंगलवार को खेले गए विभिन्न आयु वर्गों के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में देशभर से पहुंचे युवा खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल कौशल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया और सेमीफाइनल में अपनी पक्की जगह बनाई। दयावती मोदी अकादमी के प्रधानाचार्य राजीव ढाका ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेल हमें अनुशासन, संघर्ष करने की क्षमता, नेतृत्व गुण और सच्ची खेल भावना का पाठ पढ़ाते हैं।



1190 प्रतिष्ठान एनएपीएस पोर्टल पर पंजीकृत, शिक्षुता लक्ष्य का 45% हासिल

रोहतक। जिले में आईटीआई से पास-आउट युवाओं को शिक्षुता और रोजगार से जोड़ने के लिए औद्योगिक प्रतिष्ठानों में शिक्षुता सीट बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) पोर्टल पर जिले के 1190 प्रतिष्ठान पंजीकृत हैं। 31 मार्च 2027 तक नामित ट्रेडों के लिए 865 शिक्षुता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 392 हासिल हो चुकी हैं। यह लक्ष्य का करीब 45 प्रतिशत है। उपायुक्त ने जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर समिति की बैठक में शिक्षुता के अवसर बढ़ाने और आईटीआई पास-आउट युवाओं को उनकी योग्यता एवं ट्रेड के अनुरूप अवसर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने औद्योगिक प्रतिष्ठानों और आईटीआई के बीच समन्वय मजबूत करने के साथ प्रशिक्षणार्थियों की काउंसलिंग, मोबिलाइजेशन और प्लेसमेंट गतिविधियों को प्रभावी बनाने को कहा।

खेल महाकुंभ के जिला स्तरीय चयन ट्रायल 12 से 15 अक्टूबर तक

रोहतक। खेल महाकुंभ 2026-27 के लिए रोहतक में पुरुष एवं महिला सीनियर वर्ग के जिला स्तरीय चयन ट्रायल 12 से 15 अक्टूबर तक होंगे। खेल विभाग की ओर से 30 खेलों में आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ के लिए जिला टीम का चयन किया जाएगा। वॉलीबाल के ट्रायल 12 को सुबह 9 बजे सेक्टर-6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर में होंगे। साइक्लिंग के ट्रायल 13 को इसी परिसर में होंगे। क्लोइंग और रोइंग के ट्रायल इसी दिन गांव करौंथा में होंगे। शूटिंग के ट्रायल 13 से 15 तक गन एंड गट्स, होम ऑफ शूटिंग रेंज, देव कॉलोनी में होंगे। टेबल टेनिस के ट्रायल 13 को सुबह 10 बजे राजकीय महिला महाविद्यालय और वेटलिफ्टिंग के ट्रायल खेल स्टेडियम, महम में होंगे। आर्चरी के ट्रायल 14 को राजीव गांधी खेल परिसर और वुशू के ट्रायल सर छोटूराम स्टेडियम में होंगे। खो-खो के ट्रायल 15 को शाम 4 बजे सैनी स्कूल में होंगे। इन खेलों में लड़के और लड़कियां दोनों भाग ले सकेंगे। ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और रिहायशी प्रमाण पत्र की प्रति साथ लानी होगी। निर्धारित समय से पहले ट्रायल स्थल पर पहुंचना होगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को खेल महाकुंभ में रोहतक का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

पंचायती कार्यों की जांच करने पहुंची सीएम फ्लाइंग टीम से भिड़ा युवक

लाहली में शिकायत की जांच के दौरान मंजीत ने अधिकारियों पर लगाए एकतरफा कार्रवाई के आरोप, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव लाहली में पंचायती विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत की जांच करने पहुंची मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम के सामने उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब एक युवक अपने 8-10 साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि युवक ने जांच टीम की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों से बहस की और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की बात कही। टीम के सदस्यों ने उसे समझाकर सरकारी कार्य में बाधा नहीं डालने के लिए कहा, लेकिन वह अगले जांच स्थल पर भी साथियों सहित पहुंच गया।

मंदिर के पास पहुंचकर शुरू की बहस

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रोहतक के निरीक्षक सुनील कुमार के अनुसार 7 अक्टूबर को वह ईएचसी अशोक कुमार, बीडीपीओ कार्यालय कलानौर के जेई कृष्ण गर्ग, सरपंच पति मास्टर कृष्ण कुमार और पंच सुरेश कुमार के साथ गांव लाहली पहुंचे थे। टीम को गांव की सरपंच कश्मीरी देवी के खिलाफ पंचायती विकास कार्यों में अनियमितताओं से संबंधित शिकायत मिली थी। शिकायत में दर्ज बिंदुओं का भौतिक निरीक्षण और सत्यापन किया जा रहा था। टीम जब शनिदेव मंदिर के पास सोनू पुत्र रामचंद्र निवासी लाहली से पूछताछ कर रही थी, उसी दौरान मंजीत पुत्र ईश्वर और कुलदीप पुत्र अमरू अपने करीब 8-10 साथियों के साथ वहां पहुंच गए।



वीडियो बनाने लगा युवक

शिकायत के अनुसार मंजीत मौके पर वीडियो बनाने लगा और आरोप लगाने लगा कि मुख्यमंत्री उड़नदस्ता अपनी मर्जी से एकतरफा और गलत जांच कर रहा है। उसने यह भी पूछा कि उसे जांच के लिए क्यों नहीं बुलाया गया। निरीक्षक ने उसे समझाया कि उसके संबंध में कोई शिकायत जांच के लिए प्राप्त नहीं हुई है और वह टीम को अपना काम करने दे।

पुलिस को फोन किया तो मौके से भागे

स्थिति को देखते हुए निरीक्षक सुनील कुमार ने सुबह 11:56 बजे थाना कलानौर के प्रबंधक अफसर को फोन कर सूचना दी। पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद मंजीत अपने साथियों सहित मौके से चला गया। शिकायत के अनुसार युवक यह कह रहा था कि उसने पूरी घटना की वीडियो बना ली है और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करेगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

दूसरे जांच स्थल पर भी पहुंचा

इसके बाद टीम शिकायत में शामिल अगले बिंदु की जांच के लिए बाबा कर्मदास कुटिया के पास फिरनी पर पहुंची। आरोप है कि मंजीत अपने साथियों के साथ वहां भी पहुंच गया और वीडियो बनवाने लगा। वह जोर-जोर से बोलते हुए जांच को गलत बताने लगा तथा अधिकारियों पर आरोप-प्रत्यारोप करने लगा। शिकायत के अनुसार वह लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो गया।



एमडीयू में विद्यार्थियों ने जानी माइक्रोबायोलॉजी की तकनीकें

रोहतक। माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में प्रयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों एवं उपकरणों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनता विद्या मंदिर गणपत राय रासिवासिया कॉलेज, चरखी दादरी के मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधान तथा विभाग की प्रयोगशालाओं में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों से रूबरू कराया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को माइक्रोस्कोपी, माइक्रोबियल कल्चर, पीसीआर, डीएनए विश्लेषण तथा मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी। प्रयोगशालाओं के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न उपकरणों एवं अनुसंधान प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा। इंटरैक्टिव सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अवधारणाओं को स्पष्ट करने के साथ उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में माइक्रोबायोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष प्रो. पूजा सुनेजा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में उपलब्ध शैक्षणिक एवं करियर संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में हो रहे नवीन अनुसंधान और तकनीकी प्रगति से भी अवगत कराया।

संघर्षों को मात देकर पैरा एशियाड गेम्स 2026 तक पहुंचे राकेश कुंडू, डिस्कस थ्रो में हासिल किया स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के छोटे से गांव टिटौली के लाल राकेश कुंडू ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति और कठिन संघर्ष के बल पर एक बार फिर देश, प्रदेश और अपने गांव का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर दिया है। राकेश कुंडू अब आगामी पैरा एशियाड गेम 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे हरियाणा और उनके पैतृक गांव टिटौली में जश्न व खुशी का माहौल है।

दिल्ली गेम्स में वर्ल्ड रिकॉर्ड और आर्मी का सफर

राकेश कुंडू ने अपनी खेल यात्रा की शुरुआत 'हेमर थ्रो' खेल से की थी। अपनी कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने दिल्ली में आयोजित गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनकी इस सफलता को देखते हुए वर्ष 2016 में उन्हें स्पोर्ट्स कोटे के तहत भारतीय सेना (आर्मी) में सेवा का अवसर मिला।



गंभीर चोट और पिता के साये का उठना बना बड़ा झटकाखेल के मैदान में बुलंदियों को छू रहे राकेश के जीवन में वर्ष 2018 एक बहुत बड़ा मोड़ लेकर आया। अभ्यास के दौरान उनके दाहिने पैर का लिगामेंट टूट गया, जिसके कारण उन्हें बेहद गंभीर चोट का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों ने उन्हें दो साल का लंबा बैड रेस्ट दे दिया। यह दौर उनके लिए शारीरिक रूप से तो कठिन था ही, वर्ष 2024 में उनके पिता रामकुमार कुंडू (जो खुद आर्मी में कुश्ती के बेहतरीन खिलाड़ी रह चुके थे) का अचानक स्वर्गवास हो गया। पिता का जाना राकेश कुंडू के लिए एक बहुत बड़ा मानसिक और भावनात्मक आघात था।

दादा के हौसले से राकेश की शानदार वापसी

दादा के आशीर्वाद और हौसले से की शानदार वापसीमुश्किलों के इस घनघोर दौर में परिवार के बुजुर्गों ने राकेश को टूटने नहीं दिया। उनके दादा हवासिंह कुंडू ने राकेश का ढांढस बंधाया और उन्हें दोबारा से मैदान पर उतरकर अपने खेल को फिर से शुरू करने के लिए प्रेरित किया। दादा के प्रोत्साहन और अपने जज्बे के बल पर राकेश ने हार नहीं मानी। उन्होंने नए सिरे से खेल की शुरुआत की और अपनी मजबूत वापसी का प्रमाण देते हुए वर्ष 2025 और 2026 में डिस्कस थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। चोट और दुखों के पहाड़ों को पार करते हुए राकेश कुंडू ने साबित कर दिया कि हौसला बुलंद हो तो हर मुश्किल को हराया जा सकता है।

ढाई साल में 263 रिसर्च प्रोजेक्ट की समीक्षा

यूएचएस की वैज्ञानिक सलाहकार कमेटी का कार्यकाल पूरा

- 22 बैठकों में शोध प्रस्तावों की वैज्ञानिकता, मेथोडोलॉजी और एथिकल पहलुओं पर हुई गहन चर्चा; रिसर्च की गुणवत्ता सुधारने पर रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पं. बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की रिसर्च प्रोजेक्ट साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी (आरपीएसएसी) का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो गया। करीब ढाई साल से अधिक समय तक सक्रिय रही इस कमेटी ने विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध संस्थानों में शोध गतिविधियों को वैज्ञानिक आधार देने के साथ-साथ रिसर्च प्रोजेक्ट्स की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने कार्यकाल के दौरान कमेटी ने 22 बैठकें आयोजित कर कुल 263 रिसर्च प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल के मार्गदर्शन में मेडिकल रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए अलग से रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल बनाया गया है। इसके तहत आरपीएसएसी के अलावा मेडिकल रिसर्च यूनिट, इंट्राम्यूरल रिसर्च ग्रांट कमेटी और इंस्टीट्यूशनल एथिक्स कमेटी जैसी विभिन्न समितियां शोध कार्यों को दिशा देने का काम कर रही हैं। विश्वविद्यालय ने कई अन्य शिक्षण संस्थानों के साथ भी शोध सहयोग स्थापित किया है। आरपीएसएसी का गठन 9 मई 2024 को कुलपति की ओर से किया गया था। कमेटी का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय तथा संबद्ध संस्थानों में प्रस्तावित रिसर्च प्रोजेक्ट्स को वैज्ञानिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना और उनका व्यवस्थित मूल्यांकन करना था।



शोध प्रस्तावों की बारीकी से पड़ताल

कमेटी की बैठकों में केवल शोध प्रस्तावों को मंजूरी देने तक सीमित नहीं रहा गया, बल्कि उनकी स्टडी डिजाइन, शोध की कार्यप्रणाली, वैज्ञानिक वैधता और नैतिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने शोधकर्ताओं को आवश्यक सुधार और सुझाव दिए, ताकि प्रोजेक्ट अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से मजबूत बन सकें।

नैतिक नेतृत्व और प्रभावी संवाद से ही बढ़ेगी उच्च शिक्षा की गुणवत्ता

रोहतक। उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता केवल बेहतर शिक्षण से नहीं, बल्कि नैतिक नेतृत्व, प्रभावी संवाद और मजबूत मेंटरशिप से भी सुनिश्चित होती है। शिक्षाविदों को नेतृत्व करते समय कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को प्राथमिकता देनी चाहिए। यह बात महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तीसरे दिन आयोजित सत्रों में विशेषज्ञों ने कही। एफडीसी, एमएमटीटीसी, एमडीयू की ओर से डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित 'लीडरशिप कॉम्पिटेंसीज फॉर एकेडेमिशियंस: एनहांसिंग एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन' कार्यक्रम में अकादमिक नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. मार्कंडेय आहूजा ने 'एथिकल लीडरशिप-भगवद्गीता परिप्रेक्ष्य' विषय पर कहा कि भगवद्गीता की शिक्षाएं आज भी प्रभावी नेतृत्व के लिए प्रासंगिक हैं। कर्तव्य, आत्मानुशासन, निष्काम कर्म और नैतिकता को अपनाकर संतुलित एवं जिम्मेदार नेतृत्व विकसित किया जा सकता है। एजेएनआईएफएम, फरीदाबाद के प्रोफेसर डॉ. कमल प्रकाश कौशिक ने 'बियॉन्ड द ब्लैकबोर्ड' विषय पर संवाद और मेंटरशिप की भूमिका पर प्रकाश डाला।

मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम, 11 को नितानन्द स्कूल में

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑव हेल्थ साइंसिज के मनोरोग चिकित्सा विभाग द्वारा अक्तूबर के माह में 'मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता' पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य इस सन्देश को लोगों तक पहुंचाना है कि मानसिक रोग अभिशाप या कलंक नहीं, न ही मानसिक रोगी अभिशप्त या कलंकित है। इन कार्यक्रमों की लड़ी में ही स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था 'सप्तरंग' के साथ मिल कर 11 अक्तूबर 2026 सुबह 10.30 बजे स्वामी नितानन्द पब्लिक स्कूल, रोहतक में एक आयोजन हो रहा है। जिसमें इलाज और देखभाल संबंधी बातें भी चर्चा में आएंगी। इस संगोष्ठी में मनोरोग चिकित्सा विभाग, पण्डित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑव हेल्थ साइंसिज, रोहतक की विभागाध्यक्ष डॉ. सुजाता सेठी मुख्य वक्ता होंगी। उन के वक्तव्य के बाद एक सवाल-जवाब का सत्र भी होगा जिस में उपस्थितगण अपनी शंकाओं का निवारण कर पाएंगे। आधुनिक दौर में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी रोगों में हो रही बढ़ोतरी एक चुनौती की तरह समाज के सामने है। इस के चलते मानवीय संवेदनाओं को जीवित रखते हुए मानसिक रोगों एवं रोगियों के इलाज और देखभाल पर जागरूकता होना आवश्यक हो चला है।

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

व्यक्तित्व विकास से करियर निर्माण की राह आसान

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं करियर निर्माण को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती इंदु सपरा के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट सेल की ओर से किया जा रहा है। कार्यशाला के पहले दिन व्यक्तित्व विकास, कम्युनिकेशन स्किल्स और करियर काउंसलिंग विषयों पर छात्राओं को जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता दिनेश मिगलानी और सुचित्रा ने छात्राओं को आत्मविश्वास बढ़ाने, प्रभावी ढंग से अपनी बात रखने, आकर्षक एवं व्यावसायिक व्यक्तित्व विकसित करने तथा समूह चर्चा में बेहतर प्रदर्शन करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने विभिन्न गतिविधियों एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को स्वयं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स और आत्मविश्वास विद्यार्थियों को रोजगार के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्लेसमेंट कमेटी के सदस्यों सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

भारतीय डायरेक्ट वॉलीबॉल टीम के कप्तान बने विपिन चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेल जगत में भारत का नाम रोशन करने वाले इंडियन डायरेक्ट वॉलीबॉल टीम के कप्तान विपिन चहल एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहराने के लिए तैयार हैं। डायरेक्ट वॉलीबॉल एसोसिएशन भूटान की मेजबानी और एशियाई डायरेक्ट वॉलीबॉल परिसंघ तथा विश्व डायरेक्ट वॉलीबॉल एसोसिएशन के सहयोग से 10 और 11 अक्टूबर 2026 को भूटान की राजधानी थिम्पू में प्रथम एशियाई चैंपियनशिप डायरेक्ट वॉलीबॉल 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में भारतीय टीम की अगुवाई कप्तान विपिन चहल करेंगे। वन टीम, वन ड्रीम, वन इंडिया और यूनिटी, स्ट्रेंथ, विक्ट्री के संकल्प के साथ उतर रही इंडियन डायरेक्ट वॉलीबॉल टीम से भूटान में होने वाले इस प्रथम एशियाई चैंपियनशिप में भी बेहद शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। कप्तान विपिन चहल के अनुभव और उनके साथी खिलाड़ियों की मेहनत एक बार फिर देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार है।



विपिन की उपलब्धियां

2019: इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
2020-21: दुबई में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता।
2022: तंजानिया (अफ्रीका) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
2022 (पोखरा): नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में एक बार फिर स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया।
2023: संयुक्त अरब अमीरात में हुए विश्व कप में भारतीय टीम चैंपियन बनी और स्वर्ण पदक हासिल किया।
2024: इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फिर से स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

चौथी अभिनंदन शूटिंग चैंपियनशिप का आगाज




रोहतक। स्थानीय अभिनन्दन शूटिंग अकादमी में मंगलवार को चौथी अभिनंदन शूटिंग चैंपियनशिप 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सतीश नांदल, ब्लॉक समिति रोहतक के चेयरमैन खुशीराम हुड्डा और नरेश काला ने संयुक्त रूप से किया। चैंपियनशिप के पहले दिन एयर पिस्टल और एयर राइफल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे युवा निशानेबाजों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी अचूक निशानेबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने के लिए एक सशक्त और प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करते हैं। इससे युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और वे भविष्य में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित होते हैं।

'उड़ान-2026' में छात्राओं ने बिखेरी प्रतिभा



रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक में बुधवार को प्रतिभा खोज सांस्कृतिक कार्यक्रम 'उड़ान-2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं पद्मश्री महाबीर सिंह गुड्डू ने दीप प्रज्वलित कर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने कॉलेज काउंसिल के सदस्यों के साथ मिलकर मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पद्मश्री महाबीर सिंह गुड्डू ने महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'वंदना' का औपचारिक विमोचन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य, एकल नृत्य (सोलो डांस), लोक नृत्य, हिंदी गीत और शास्त्रीय (क्लासिकल) गायन जैसी शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

शिक्षा में सुधार, छात्रों के बेहतर अधिगम पर जोर



रोहतक। स्थानीय डीआरडीए हॉल में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डीपीआईयू की मासिक समीक्षा बैठक एडीसी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एडीसी ने निर्देश दिए कि शिक्षा व्यवस्था में केवल कागजी अनुपालन या आंकड़ों तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के वास्तविक अधिगम परिणामों (में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एडीसी ने कहा कि विद्यालय निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि गुणवत्ता-केंद्रित कक्षा सहायता प्रदान करना है। उन्होंने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्राह्मण मंडी के अपने हालिया दौरे का अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और जिज्ञासा की सराहना की। उन्होंने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को अपनी मासिक बैठकों को पूरी तरह से शैक्षणिक और परिणाम-उन्मुख बनाने के निर्देश दिए।

5वें इंटरनेशनल टूरिज्म शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में हुई स्क्रीनिंग

सूरजकुंड मेले पर बनी डॉक्यूमेंट्री में छाए सुपवा के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में हर साल लगने वाले अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले पर बनी हरियाणवी डॉक्यूमेंट्री 'सूरजकुंड शिल्प मेला' में दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीएसपवा) के मौजूदा व पूर्व छात्रों के कार्य को सराहना मिल रही है। इस डॉक्यूमेंट्री की पुणे में आयोजित 5वें इंटरनेशनल टूरिज्म शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में देश-विदेश से आई 36 फिल्मों के बीच स्क्रीनिंग की गई। डॉक्यूमेंट्री का निर्माण सिनेमेटिक हरियाणा फिल्म प्रॉडक्शन द्वारा किया गया है। 'सूरजकुंड शिल्प मेला' में वॉयस ओवर आशीष नेहरा ने दिया है। वे सुपवा में साल 2011 बैच में बैचलर इन डायरेक्शन के छात्र रहे और फिलहाल फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। इसका साउंड डिजाइन व मिक्सिंग का कार्य नीरज रोहिल्ला ने किया है। नीरज सुपवा के 2012 बैच में बैचलर इन ऑडियोग्राफी के छात्र रहे और इस समय एफटीवी में ही लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। डॉक्यूमेंट्री की साउंड रिकॉर्डिंग 2021 बैच के बैचलर इन ऑडियोग्राफी के मौजूदा छात्र मोहित ने की है। इसका निर्देशन पुनीत शर्मा व निर्माण निशा शर्मा ने किया है।



हरियाणवी में सूरजकुंड की डॉक्यूमेंट्री

नेहरा ने बताया कि सूरजकुंड शिल्प मेले पर पहली बार हरियाणवी बोली में कोई डॉक्यूमेंट्री तैयार हुई है। 30 मिनट की इस डॉक्यूमेंट्री में सूरजकुंड के इतिहास से लेकर मेला शुरू होने और फिर इसका अंतरराष्ट्रीय स्वरूप बनने से लेकर आज तक का सफर समाहित किया गया है। यह हर्ष का विषय है कि हरियाणा में लगने वाले इस अंतरराष्ट्रीय पहचान वाले मेले को हरियाणवी में वे दुनिया के सामने लेकर आए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए सूरजकुंड मेला और हरियाणवी बोली, दोनों ही कुछ अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचेंगी। एफटीवी के एफसी महेश टीपी कहते हैं कि यहां के छात्रों से सजी किसी डॉक्यूमेंट्री का अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल तक पहुंचना पूरे सुपवा परिवार के लिए गर्व की बात है। यह डॉक्यूमेंट्री सूरजकुंड शिल्प मेले के माध्यम से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत, कला, शिल्प और देशभर से आने वाले कलाकारों व शिल्पकारों की रचनात्मकता को दुनिया के सामने लाती रहेगी, ऐसी उम्मीद है।

एसआईआर के सभी लंबित नोटिसों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मंडल आयुक्त मोनिका मलिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) से संबंधित सभी लंबित नोटिसों का जल्द से जल्द निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत प्राप्त मामलों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध समाधान किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। मंडल आयुक्त बुधवार शाम लघु सचिवालय में एसआईआर की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने अधिकारियों से एसआईआर की प्रगति और लंबित नोटिसों की विस्तृत रिपोर्ट ली तथा प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निपटारा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त सतबीर सिंह ने जिला में एसआईआर के तहत अब तक हुई कार्रवाई और लंबित नोटिसों के निपटारे के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इससे पहले मंडल आयुक्त ने महम और गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मौजूद बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से एसआईआर नोटिसों से संबंधित जानकारी और रिपोर्ट ली।

खबर संक्षेप

बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक कल

रोहतक। हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, हेड ऑफिस रोहतक की मासिक बैठक शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026 को सुबह 10 बजे सीनियर सिटीजन क्लब, मानसरोवर पार्क, रोहतक में आयोजित की जाएगी। यूनिट सचिव सुरेंद्र कुमार चावला ने बताया कि बैठक में एसोसिएशन की कार्यकारिणी की नवीनतम गतिविधियों के साथ-साथ स्थानीय स्तर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में समय पर पहुंचने का आह्वान किया।

प्रैक्टिकल देने रोहतक गई छात्रा वापस घर नहीं लौटी

महम। लाखन माजरा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक छात्रा प्रैक्टिकल देने के लिए रोहतक गई थी। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक साल पहले उसकी शादी की गई थी। उसका ससुराल पक्ष के साथ मनमुटाव चल रहा था। जिस कारण वह मायके में ही रह रही थी। वह रोहतक में पढ़ाई कर रही थी। प्रैक्टिकल देने के लिए रोहतक गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

बाइक की टक्कर से युवक घायल, चालक पर केस

रोहतक। लाखनमाजरा आउटर बाइपास पर तेज रफ्तार बाइक चालक ने पीछे से दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जींद जिले के पेगा गांव निवासी अमित कुमार घायल हो गया। उसके शरीर पर छह चोटें आईं और उसे पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने बयान देने के लिए फिट घोषित किया, जिसके बाद अमित ने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर लाखनमाजरा थाना पुलिस ने आरोपी बाइक चालक जितेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमित ने बताया कि वह 5 अक्टूबर को बाइक से पेगा से गुरुग्राम जा रहा था।

राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया ने किया एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा का उद्घाटन

एमडीयू में 82 लाख का बायोगैस प्लांट शुरू, तीन गर्ल्स हॉस्टल को मिलेगी आपूर्ति

रोजाना 1.5 टन गीले कचरे से बनेगी 100-120 घन मीटर बायोगैस

- प्लांट से रोज 1000-1200 लीटर जैविक तरल खाद भी होगी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अक्षय ऊर्जा आज समय की जरूरत है। बढ़ते पर्यावरणीय संकट और विशेष रूप से ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में सामूहिक और प्रभावी प्रयास आवश्यक हैं। जैविक कचरे से बायोगैस तैयार करने वाली एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय पहल है। यह बात राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया ने बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में नवनिर्मित एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा एवं बायोगैस प्लांट का उद्घाटन करते हुए कही। राज्यसभा सांसद ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत एमडीयू द्वारा विद्यार्थी-केंद्रित सेवाओं और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों की ऐसी पहलें सेवा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि विश्वविद्यालय हरित ऊर्जा, टिकाऊ विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 82 लाख का नवनिर्मित बायोगैस प्लांट से विश्वविद्यालय के तीन गर्ल्स हॉस्टल की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। साथ ही, जैविक कचरे के प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी लाने में मदद मिलेगी।

तीन हॉस्टल की रसोई में 40 से 60 फीसदी तक घटेगी एलपीजी खपत

विश्वविद्यालय परिसर में 82 लाख रुपये की लागत से एक नया बायो गैस प्लांट स्थापित किया गया है। लगभग 300 वर्ग मीटर में फैले इस प्लांट की कचरा प्रसंस्करण क्षमता प्रतिदिन 1.5 मीट्रिक टन (1,500 किग्रा) गीले कचरे की है। यह कचरा विश्वविद्यालय के हॉस्टल, मेस, कैंटीन और खाद्य तैयारी क्षेत्रों से एकत्र किया जाएगा। इस संयंत्र से प्रतिदिन लगभग 100-120 घन मीटर बायोगैस का उत्पादन होगा, जो रोजाना करीब 58-60 किग्रा एलपीजी (यानी तीन कमर्शियल सिलिंडर) के बराबर है। इस आपूर्ति से तीन हॉस्टल की रसोई में एलपीजी की खपत को 40 से 60 प्रतिशत तक कम किया जा सकेगा। बायोगैस के अलावा, इस प्रक्रिया से प्रतिदिन 1,000 से 1,200 लीटर पोषक तत्वों से भरपूर तरल खाद भी मिलेगी, जिसका उपयोग परिसर में जैविक खाद और मृदा कंडीशनर के रूप में बागवानी व हरियाली के लिए किया जाएगा। यह 1.5 टीपीडी बायो गैस प्लांट विश्वविद्यालय के दैनिक खाद्य कचरे को स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन में बदलकर हॉस्टल की रसोई में पारंपरिक एलपीजी की खपत को काफी हद तक कम करेगा, साथ ही जैविक खाद का उत्पादन कर परिसर के पर्यावरण पदचिह्न को भी घटाएगा। पूर्ण क्षमता पर संचालन होने से यह प्लांट हर साल लगभग 495-550 टन गीले कचरे का निपटान करेगा और सालाना 1,000-1,200 टन कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) के उत्सर्जन को कम करने में मददगार साबित होगा।

त्योहार सिर पर, प्रशासन की तैयारी जीरो

पार्किंग प्लान नहीं, सड़कों पर वाहन, ट्रैफिक दबाव, जाम व अव्यवस्था का खतरा

- किला रोड, शौरी मार्केट और रेलवे रोड पर अतिक्रमण बना चुनौती
- आग लगी तो संकरी सड़कों में दमकल की राह होगी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारों की खरीदारी के लिए बाजार सजने लगे हैं और ग्राहक भी घरों से निकलने लगे हैं, लेकिन शहर के प्रमुख बाजारों में त्योहारों से निपटने की तैयारी फिलहाल नजर नहीं आ रही। जिन बाजारों में आने वाले दिनों में पैर रखने तक की जगह नहीं बचेगी, वहां पार्किंग की अलग व्यवस्था का कोई स्पष्ट प्लान दिखाई नहीं दे रहा। सड़क और फुटपाथ पहले ही दुकानदारों के सामान और रेहड़ियों से घिरे हैं। ऐसे में त्योहारों की भीड़ बढ़ने पर जाम की स्थिति और गंभीर होने की आशंका है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि किला रोड, शौरी मॉर्किट, रेलवे रोड, डी-पार्क आदि बाजारों में भीड़ बढ़ने से पहले ट्रैफिक, पार्किंग, अतिक्रमण और फायर सेफ्टी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कोई व्यापक तैयारी जमीन पर दिखाई नहीं दे रही। बाजारों में यदि आग जैसी आपात स्थिति पैदा होती है तो संकरी सड़कों और रास्तों पर खड़े वाहनों के बीच दमकल की गाड़ी पहुंचाना भी चुनौती बन सकता है।

सिटी पल्स

रेलवे रोड पर हर समय जाम



त्योहार पर रास्ता और संकरा हो जाता

त्योहारी खरीदारी के दौरान बाजारों में सबसे ज्यादा दबाव वाहनों का बढ़ता है। ग्राहक अपने वाहन दुकानों के सामने या बाजार की सड़कों पर खड़े करते हैं। अलग पार्किंग स्थल और वहां तक पहुंचने की स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। एक तरफ वाहन और दूसरी तरफ दुकानों के बाहर रखा सामान होने से रास्ता और संकरा हो जाता है।

बाजारों में अभी से बुरा हाल, घंटों जाम

त्योहारी सीजन पूरी तरह शुरू होने से पहले ही शहर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक दबाव बढ़ने से घंटों जाम लग रहे हैं। सुबह और शाम के व्यस्त समय में कई जगह वाहन धीमी गति से चलते दिखाई देते हैं। आने वाले दिनों में खरीदारी के लिए लोगों की संख्या बढ़ने के साथ स्थिति और बिगड़ सकती है।

आग लगी तो फायर ब्रिगेड कैसे पहुंचेगी

त्योहारी खरीदारी के दौरान बाजारों में भीड़ के साथ दुकानों में बिजली के उपकरण, सजावट और अन्य सामान का इस्तेमाल भी बढ़ जाता है। ऐसे समय में आग की घटना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बाजारों की संकरी गलियों और अतिक्रमण के कारण दमकल वाहन के पहुंचने में दिक्कत हो सकती है।

पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ नहीं बचे

फुटपाथ पैदल राहगीरों के लिए होते हैं, लेकिन बाजारों में इन पर सामान, रेहड़ियां और अस्थायी कब्जे दिखाई देते हैं। इसका सीधा असर पैदल ग्राहकों पर पड़ता है। त्योहारों में परिवारों के साथ खरीदारी करने आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी तो सड़क पर चलने की मजबूरी और बढ़ जाएगी।

पार्किंग की व्यवस्था हो तैयार



भिवानी स्टैंड क्षेत्र में आग जैसी घटना से निपटने के लिए छोटी फायर ब्रिगेड गाड़ी खड़ी की जानी चाहिए। साथ ही त्योहारों से पहले पार्किंग की व्यवस्था तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाजारों में भीड़ बढ़ने के बाद इंतजाम करने के बजाय पहले से व्यवस्था लागू की जाए।
-गुलशन इशपुनियानी, व्यापारी नेता

अभी बैठक तक नहीं हुई



त्योहारों को देखते हुए व्यापारियों और प्रशासन के बीच पहले से बैठक होनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बाजारों में पार्किंग, ट्रैफिक और अतिक्रमण को लेकर समय रहते व्यवस्था बनाई जाए, ताकि व्यापारियों के साथ-साथ खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को भी परेशानी न हो। **-गुलशन ढंग, व्यापारी नेता**

हैफेड चौक के पास दो युवकों से मारपीट

रंजिश में हमला करने का आरोप, केस दर्ज

- लाठी लगने से मोबाइल टूटा और 20 हजार रुपये भी गिरने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हैफेड चौक के पास होटल सिक्स सेवन के सामने बाइक से घर लौट रहे दो युवकों को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही तीन युवकों ने उन्हें देखते ही अपने अन्य साथियों को बुला लिया और दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। एक युवक को पकड़कर घूंसे और पंच मारे गए, जबकि बाद में लाठी से भी हमला किया गया। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर दोनों युवक वहां से बाइक लेकर निकल सके। पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर चार धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवकों को देखते ही बोले-इनको पकड़ो

पुलिस को दिए बयान में गांव खिड़वाली निवासी 32 वर्षीय राहुल पुत्र कप्तान ने बताया कि 2 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे वह राहुल पुत्र तेलूराम के साथ बाइक पर रोहतक से खिड़वाली की तरफ जा रहा था। हैफेड चौक के नजदीक होटल सिक्स सेवन के पास पहुंचने पर उन्हें गांव के अमन, पम्मी पुत्र पालेराम और अभिषेक पुत्र सुंदर दिखाई दिए। शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों को देखते ही आरोपियों ने कहा, "इनको पकड़ो।" इसके बाद अभिषेक ने उसे पकड़कर घूंसे व पंच मारने शुरू कर दिए।

अमन और अभिषेक के साथ गाली-गलौज हुई थी

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अमन और अभिषेक के साथ गांव में पहले गाली-गलौज को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी बात की रंजिश रखते हुए आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला किया। राहुल ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान लाठी लगने से उसका मोबाइल टूट गया और उसकी जेब से 20 हजार रुपये भी गिर गए। उसने भविष्य में भी मारपीट करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने थाना अर्बन एस्टेट केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

शिक्षकों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन, डीसी और सीएम के नाम सौंपा मांग-पत्र



रोहतक। लंबित मांगों और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को लेकर बुधवार को जिलेभर के शिक्षक मानसरोवर पार्क में भारी संख्या में एकत्र हुए। शिक्षकों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन के बाद मानसरोवर पार्क से डीसी कार्यालय तक मार्च निकाला और जिला उपायुक्त व हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के नाम मांग-पत्र सौंपा। एसडीएम रोहतक ने मांग-पत्र स्वीकार करते हुए प्रतिनिधिमंडल को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। राजीव दलाल के नेतृत्व में शिक्षक यूनियन का प्रतिनिधिमंडल 8 अक्टूबर को प्रशासन के साथ बैठक कर अपनी मांगें विस्तार से रखेगा। शिक्षकों ने उम्मीद जताई है कि आगामी बैठक में उनकी समस्याओं का सकारात्मक समाधान निकलेगा।

- ▶▶|मानसरोवर पार्क में शिक्षकों का प्रदर्शन और डीसी कार्यालय तक मार्च।
- ▶▶|डीसी एवं मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम सौंपा गया मांग-पत्र।
- ▶▶|गुरुवार को एसडीएम की अध्यक्षता में होगी शिक्षक प्रतिनिधिमंडल की बैठक।

व्यापारी बोला-मुझे मिली जान से मारने की धमकी

टायर खरीद व बिक्री को लेकर विवाद: पुलिस

- रिकॉर्डिंग करने की बात पर चुनौती देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

टायरों के कारोबार में ग्राहकों को लेकर शुरू हुआ मुकाबला अब कथित तौर पर धमकी तक पहुंच गया है। हिसार रोड स्थित जगदम्बा टायर शोरूम के संचालक ने छोटूराम चौक स्थित एक अन्य टायर शोरूम के मालिक पर पिछले तीन-चार साल से लगातार परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। व्यापारी का कहना है कि विरोधी कारोबारी उसे खुले तौर पर चुनौती देता है और किसी को शिकायत करने या बातचीत की रिकॉर्डिंग करने की बात कहने पर भी उसे कोई फर्क नहीं पड़ने की बात करता है। मामले को लेकर व्यापारी ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

तीन-चार साल से चल रहा विवाद

जगदम्बा टायर शोरूम के संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छोटूराम चौक के पास स्थित एक अन्य टायर शोरूम के मालिक के साथ उसका पिछले करीब तीन-चार साल से विवाद चल रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, टायरों की खरीद-बिक्री और कारोबार में प्रतिस्पर्धा को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनातनी बनी हुई है। इसी दौरान उसे कई बार धमकियां मिलने का आरोप लगाया गया है।



एसआईआर के शिविर शुरू, कल तक जारी रहेगा अभियान

रोहतक। एसआईआर-2026 के तहत जिले में विशेष शिविर और घर-घर संपर्क अभियान बुधवार 7 अक्टूबर से शुरू हो चुका है और 9 अक्टूबर तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान नोटिस प्राप्त करने वाले ऐसे मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है, जिन्होंने अभी तक आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित मतदाताओं से विशेष शिविरों में पहुंचकर दस्तावेज जमा करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं को सुनवाई के लिए तिथि दी गई है, वे निर्धारित दिन संबंधित अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें। दस्तावेज जमा नहीं करवाने वाले मतदाताओं से घर-घर संपर्क कर उन्हें आवश्यक प्रक्रिया, दस्तावेज और सुनवाई से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस कार्य में अधिकारी और बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं की सहायता करेंगे।

गोहाना गोल चक्कर पर चेन झपटी की शिकायत की खुली पोल

सीसीटीवी में मारपीट की पुष्टि चेन छीनने का नहीं मिला सबूत

- फुटेज में छह अज्ञात युवक दिखे, पहचान में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना गोल चक्कर पर छह तोले की सोने की चेन छीनने की शिकायत की जांच में नया तथ्य सामने आया है। पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो चेन तोड़ने या छीनने का कोई साक्ष्य नहीं मिला। हालांकि, फुटेज में छह अज्ञात युवकों द्वारा एक टाटा पंच कार के आगे स्विफ्ट कार रोककर उसमें सवार युवक के साथ मारपीट करने की पुष्टि हुई है। इसके बाद पुलिस ने शिकायत में चेन चोरी के आरोप को लेकर कोई साक्ष्य नहीं मिलने पर मारपीट और झगड़े से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शराब ठेके के सामने रोकी थी कार

गांव टिटौली निवासी राजेश ने 27 सितंबर को सुखपुरा पुलिस चौकी में शिकायत दी थी। उसने बताया था कि 26 सितंबर की रात करीब 10 बजे वह श्याम और हेमंत के साथ अपनी टाटा पंच कार में गांव से सीला बाईपास स्थित कार्यालय की ओर जा रहा था। गोहाना गोल चक्कर पर शराब ठेके से शराब लेने के लिए उसने कार रोकी थी। इसी दौरान पीछे से आई एक स्विफ्ट कार उसकी गाड़ी के आगे आकर रुक गई। शिकायत के मुताबिक, कार से करीब छह युवक उतरे और राजेश के साथ गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि उसे कार से नीचे उतारकर मारपीट की गई।

बेला का बड़ा भाई बताने के बाद चले गए युवक

राजेश ने पुलिस को बताया था कि जब उसने युवकों से झगड़ा करने का कारण पूछा तो वे उसके कुत्ते को मारने की बात कह रहे थे। इसके बाद युवकों ने उसका नाम पूछा। राजेश ने अपना नाम बताने के बाद जब उन्होंने उसके भाई राकेश उर्फ बेला के बारे में पूछा तो उसने खुद को बेला का बड़ा भाई बताया। इसके बाद सभी युवक अपनी कार में बैठकर वहां से चले गए।

पहले मारपीट के दौरान चेन गायब होने की बात कही

शिकायतकर्ता ने बताया था कि झगड़े के दौरान उसकी छह तोले की सोने की चेन उसे नहीं मिली। उसे यह स्पष्ट नहीं था कि चेन मारपीट के दौरान टूटकर गिरी या युवकों ने तोड़ी। उसने यह भी बताया था कि उसके गले में पहनी दूसरी चेन सुरक्षित मिली। घबराहट के कारण वह स्विफ्ट कार का नंबर भी नोट नहीं कर सका था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

वनवे कर बिछेगा कारपेट, पांच दिन में सड़क पूरी होने की उम्मीद

अंडरपास के ऊपर डिवाइडर में लाइट लगाने के लिए करवाई जा रही कटिंग

पांच महीने में तैयार हुआ अंडरपास, अब दिल्ली रोड पर सड़क का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली रोड पर बाबा मस्तनाथ मठ के सामने बने अंडरपास के ऊपर अब सड़क निर्माण का अंतिम चरण शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से अंडरपास के ऊपर सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। फिलहाल सड़क के बीचों-बीच लाइट लगाने के लिए कटिंग और अन्य जरूरी कार्य किए जा रहे हैं। इसके बाद सड़क पर कारपेट बिछाने का काम शुरू होगा। विभाग की योजना के अनुसार दो दिन बाद रात के समय इस मार्ग को वनवे कर सड़क पर कारपेट बिछाया जाएगा। दिल्ली की ओर आने-जाने के लिए यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्त रास्तों में शामिल है। रोजाना हजारों वाहन इसी सड़क से होकर दिल्ली और रोहतक के बीच आवागमन करते हैं। अंडरपास निर्माण के चलते पिछले कई महीनों से वाहन चालकों को यहां परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अंडरपास का निर्माण पूरा होने के बाद भी ऊपर की सड़क पूरी तरह तैयार नहीं होने से वाहनों के गुजरने पर धूल उड़ती थी। इससे वाहन चालकों के साथ-साथ आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही थी।



रोहतक। रात के समय ही कारपेट बिछाने से पहले कार्य किया जा रहा।

छह महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य था

छह महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने एक महीने पहले ही अंडरपास तैयार कर दिया। अब सड़क को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

रात में बिछेगा कारपेट

दो दिन बाद रात में मार्ग को वनवे कर सड़क पर कारपेट बिछाया जाएगा। करीब पांच दिन में काम पूरा करने का लक्ष्य है।

विद्यार्थियों और वाहन चालकों को राहत

अधूरी सड़क और धूल से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। सड़क बनने के बाद दिल्ली रोड पर आवागमन सुगम होगा। विद्यार्थियों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी।



वार्ड 5 में विशेष सफाई अभियान कूड़ा बिंदुओं को हटाने पर जोर

रोहतक। शहर को स्वच्छ और कूड़ा मुक्त बनाने के लिए नगर निगम की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड नंबर 5 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड सदस्य सुरेश किराड़ और स्थानीय नागरिकों ने भी निगम की टीम के साथ सफाई अभियान में भाग लिया। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने बताया कि पावर हाउस चौक से डूंगी गोहरी तक सड़क किनारे और आसपास के क्षेत्रों में जमा कूड़े व गंदगी को हटाया गया। एकत्रित कूड़े को ट्रैक्टर-ट्रॉली से उठाकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया। अभियान के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों के साथ आवश्यक संसाधन भी लगाए गए। उन्होंने बताया कि निगम का उद्देश्य केवल एक दिन सफाई करना नहीं, बल्कि ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां बार-बार जमा होने वाले कूड़े को खत्म करना है। इसके साथ ही लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालने और गीले-सूखे कचरे को अलग रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।